प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 17.02.2025 समय : 01:00 पी.एम.

.....................

जयपुर के जेईसीसी में आज क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सम्मेलन में उत्तर, मध्य और पश्चिमी क्षेत्रों के 16 राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, हिंदी को राजभाषा के रूप में बढ़ावा देने के लिए विभिन्न श्रेणियों में 110 पुरस्कार प्रदान किए गए। केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री ने सभी पुरस्कार पाने वाले संगठनों को बधाई देते हुए राजभाषा कर्मियों को आह्वान किया कि वे राजभाषा नीति का समग्रता से पालन करें। उन्होंने हिन्दी भाषा के विकास के लिए सभी प्रयास करने को कहा ताकि वर्तमान युग में हिन्दी अभिव्यक्ति का प्रभावी माध्यम बन सके। सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृ भाषा की उन्नति के बिना समाज की उन्नति संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज के तकनीकी युग में हिन्दी को समाहित करने की विशेष आवश्यकता है।

.....................

विधानसभा में फोन टैपिंग विवाद के कारण उत्पन्न गतिरोध को समाप्त करने के उद्‌देश्य से विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई। इस अवसर पर उन्होंने मौजूद सभी पार्टी के विधायकों से सदन को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग देने की अपील की। गौरतलब है कि मौजूदा राज्य सरकार 19 फरवरी को अपना दूसरा बजट पेश करेगी।

.....................

उदयपुर में आज से राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस ''वाटर विजन–2047'' का आयोजन किया जायेगा। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय की ओर से हो रही इस तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत सहित विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री और जल संसाधन मंत्री तथा अधिकारी भाग लेंगे। जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत उदयपुर पंहुच चुके है। वे आज बांधों की सुरक्षा विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज शाम उदयपुर पंहुचेंगे और कल इस सम्मेलन में भाग लेंगे। इस कांफ्रेंन्स में एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन के लिए साझा दृष्टिकोण विकसित करने पर मंथन किया जाएगा।

.....................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज से संसदीय क्षेत्र कोटा–बूंदी के चार दिवसीय प्रवास पर हैं। श्री बिरला ग्राम पंचायत धनेश्वर में सामाजिक कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष डाबी में श्री रूप सिंह जी महाराज के पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे। उनका आज कोटा के बालिता स्थित श्री खेड़ापति बालाजी मंदिर में रामायण पूर्णाहुति और भंडारे में भाग लेने का भी कार्यक्रम है। श्री बिरला कल जिला परिषद सभागार में आमजन से मुलाकात करेंगे।

.....................

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर जोधपुर की जोजरी नदी में फैल रहे प्रदूषण को रोकने के लिए उचित कदम उठाने का आग्रह किया है। श्री गहलोत ने सोशल मीडिया पोस्ट में जोजरी नदी के प्रदूषण को किसानों, जल जीवों और पर्यावरण के लिए एक बड़ी समस्या बताया। श्री गहलोत ने कहा कि प्रदूषित जल से जोधपुर, पाली और बालोतरा जिलों में फसलों को नुकसान हो रहा है।

.....................

भारत ने ठोस रॉकेट मोटर के लिए दुनिया का सबसे बड़ा दस टन प्रोपेलेंट मिक्सर विकसित किया है। इसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र ने बेंगलुरु में केंद्रीय विनिर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान के सहयोग से तैयार किया है। यह रॉकेट प्रक्षेपण के लिए आवश्यक ठोस प्रणोदक अवयवों का सटीक और सुरक्षित मिश्रण सुनिश्चित करता है। इसरो ने कहा कि यह अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। यह रिमोट–नियंत्रित मिक्सर पिछले सप्ताह इसरो को सौंपा गया।

.....................

भरतपुर के कुम्हेर मार्ग पर कल रात बाबुला कैनाल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल जा रहे दो किशोरों की मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार दोनों मृतक सगे भाई थे। वे रात को अपने खेतों की रखवाली करने के लिये जा रहे थे। इसी दौरान हादसा हुआ।

.....................

प्रदेश में मौसम में बदलाव का सिलसिला जारी है। पश्चिमी हवाएं चलने से दिन के साथ सुबह और शाम के तापमान में भी बढोतरी दर्ज की जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने आज राज्य में मौसम शुष्क रहने और कल से आगामी तीन दिनों तक बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। इस बीच पिछले 24 घंटों में राज्य में सबसे ज्यादा 35 डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान बाडमेर में दर्ज किया गया।

.....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' 23 फरवरी को प्रसारित होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम की ये 119वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता, अपने सुझाव 21 फरवरी तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर भेज सकते हैं। 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। इसके अलावा नरेंद्र मोदी एप और माई जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

.....................